जविप्रा परिसर में आम जनता के लिए निम्नलिखित सुविधाऐं उपलब्ध हैः–

1. जविप्रा परिसर में स्थित कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए केंटीन की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चाय, कॉफी, नाश्ता, दोपहर का खाना, इत्यादि मिलते है। केंटीन पार्किंग भवन के भू–तल (Ground Floor) पर स्थित है, जिसके संचालन के लिए उपायुक्त स्टोर द्वारा समय–समय पर संविदा कर; संवेदक निर्धारित किये जाते है (कैन्टिन में उपलब्ध कराये जा रहे सामान की लिस्ट संलग्न है)।
2. जविप्रा द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के लिए समुचित पार्किंग उपलब्ध है तथा आम जन को सशुल्क पार्किंग उपलब्ध कराई जाती है। जविप्रा परिसर में दुपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किंग की उपलब्धता को दर्शित करने के लिए "Smart Parking Display Boards" लगाये गये है जिसमें पार्किंग भवन के किस तल पर कितनी पार्किंग Current time में उपलब्ध है कि सूचना प्रदान करता है। जविप्रा परिसर में चौपहिया वाहनों के लिए लगभग 374 पार्किंग उपलब्ध है एवं दुपहिया वाहनों के लिए 1106 पार्किंग उपलब्ध है। पार्किंग व्यवस्था के लिए जविप्रा के उपायुक्त स्टोर व्यवस्था के लिए जविप्रा के उपायुक्त स्टोर द्वारा संविदा कर संवेदक नियत किया जाता है। गैर सदस्य श्रेणी के वाहनों के लिए अधिकतम पार्किंग शुल्क निम्न प्रकार हैः–

| क्र.सं. | अवधि | चार पहिया वाहन (Cars, Jeep etc.) | दो पहिया वाहन (Scooter, Motor Cycle etc.) | साईकिल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम 4 घंटे अथवा उसके अंश के लिए | 20.00 रू. | 5.00 रू. | 1.00 रू. |
| 2 | प्रथम 4 घंटे से अधिक किन्तु सायं 7.00 बजे तक के लिए | 50.00 रू. | 20.00 रू. | |

3. जविप्रा द्वारा आम जन के लिए एवं विशेष योग्य जनों हेतु पार्किंग ब्लॉक के पास सुलभ शौचालय के द्वारा निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।
4. ICICI बैंक ATM मशीन, जविप्रा नागरिक सेवा केन्द्र भू–तल (Ground Floor) पर कार्यालय समय के दौरान उपलब्ध है।
5. जविप्रा परिसर में विस्तार भवन परिसर में भू–तल (Ground Floor) पर ICICI बैंक IFC Code- ICIC0006754, Branch Name-JDA Branch उपलब्ध है।

6. जविप्रा परिसर में विस्तार भवन में भू–तल (Ground Floor) पर ई–मित्र सुविधा उपलब्ध है, जिसमें पानी के बिल, बिजली के बिल, टेलिफोन के बिल, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, भामाशाह कार्ड, मुख्यमंत्री छात्रवति योजना फॉर्म, वरिष्ठ नागरिक पेंशन योजना फॉर्म जमा किये जाते है एवं चालान की रसीद एवं फोटो कॉपी की जाती है।
7. नागरिक सेवा केन्द्र आम जन की आवश्यकता के अनुसार समय बद्ध तरीके से निस्तारण हेतु।
8. उपभोगता संघ द्वारा संचालित आम जन हेतु औषधि की दुकान।
9. आम जन की सुविधा हेतु जविप्रा परिसर में स्टाम्प विक्रेता एवं वकील को बैठने हेतु स्थान निर्धारित किये गये है।
10. जविप्रा परिसर में आमजन की सुविधा हेतु विस्तार भवन के भू तल पर पंजीयन कार्यालय एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया गया है।